**Assignment**
**Class - 4**
**Date - 12.8.2020**
**पूजा हिन्दी रचना**
**निबंध- लेखन  (रचना कापी में लिखें)**

## प्रिय खेल

**परिचय :- खेल हमारे जीवन में उतना ही आवश्यक है जितना की अध्ययन| खेल से हमारा शारीरिक विकास होता है| यही कारण है कि प्रत्येक विद्यालय में विभिन्न प्रकार के खेलों का प्रबंध रहता है| कक्ष के भीतर खेले जाने वाले खेल को इंडोर गेम्स कहते हैं जैसे- शतरंज, लूडो आदि| मैदान में खेले जाने वाले खेल को आउटडोर गेम्स कहते हैं जैसे- फुटबॉल, हॉकी, क्रिकेट आदि| क्रिकेट मेरा प्रिय खेल है|**

**वर्णन :- क्रिकेट मैदान में खेला जाने वाला खेल है| यह दो टीमों के बीच खेला जाता है| प्रत्येक टीम में 11-11 खिलाड़ी होते हैं| प्रत्येक टीम के कप्तान होते हैं| दो एंपायर होते हैं| दोनों टीम में एंपायर खेल की निगरानी करते हैं और खेल के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हैं| कप्तान एक सिक्का उछाल कर निर्धारित करते हैं कि कौन सी टीम बल्लेबाजी करेगी या गेंदबाजी|  विकेटकीपर विकेट कीपिंग करता है|**

**क्रिकेट के बहुत प्रकार हैं जैसे- एक दिवसीय, 20-20, टेस्ट मैच| टेस्ट मैच सबसे लंबे समय तक खेला जाता है|**
**क्रिकेट में एक टीम बैटिंग करती है तो दूसरी टीम बालिंग तथा फील्डिंग| जो टीम ज्यादा रन  बनाती है वही टीम विजेता कहलाती है| मैच के प्रकार पर गेम का ओवर निश्चित किया जाता है|**

**क्रिकेट आज विश्व के कई देशों में खेला जाता है| जैसे- भारत,पाकिस्तान, श्रीलंका, आदि| क्रिकेट भारत का लोकप्रिय खेल है| यह रोमांचक और उत्साह से भरा खेल है| भारत में कई प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ी हैं जैसे- सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी युवराज इत्यादि| इन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है|**

**भारतीय टीम ने भारत को 2 बार विश्व कप में विजेता बनाया है| मैं अच्छा गेंदबाज हूं| मैं क्रिकेट में आगे बढ़ कर भारत का नाम रोशन करना चाहता हूं|**

**निष्कर्ष :- क्रिकेट आज पूरे विश्व का लोकप्रिय खेल है| इस खेल को देखना और खेलना प्रायः सभी को पसंद है| हमें खेलों को महत्व देना चाहिए तथा इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए|**